APRIL – 2023 (Jan. - Mar. 2023)
Vol. SHQ-BSGUP -008

# BHARAT SCOUTS & GUIDES
## UTTAR PRADESH

# "तेजल"
### त्रैमासिक पत्रिका



"The most worth-while thing is to try to put happiness into the lives of others.''

***- Lord Robert Baden-Powell***



State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
www.bsgup.org

APRIL – 2023 (Jan. - Mar. 2023)
Vol. SHQ-BSGUP -008

# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

!! मुख्य संरक्षक !!



**श्रीमती आनन्दी बेन पटेल**
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

!! उप मुख्य संरक्षक !!



**श्री योगी आदित्यनाथ**
माननीय मुख्यमन्त्री
उत्तर प्रदेश

!! अध्यक्ष !!



**डा० महेन्द्र सिंह**
भूतपूर्व कैबिनेट मंत्री "जल शक्ति"
उत्तर प्रदेश सरकार

!! मुख्यायुक्त !!



**डॉ० प्रभात कुमार** आई०ए०एस० (से०नि०)
भूतपूर्व अध्यक्ष,
लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

## संपादक मण्डल

❑ **संरक्षक**
**डॉ० महेन्द्र सिंह**
अध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **मुख्य सम्पादक**
**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सलाहकार**
**ललिता प्रदीप**
प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**आलोक कुमार अग्रवाल**
प्रादेशिक कोषाध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सम्पादक**
**आनन्द सिंह रावत**
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**डॉ० फूलकली गुप्ता**
जिला आयुक्त (गाइड) अमेठी
प्रधानाचार्या
राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज, अमेठी

❑ **डिज़ाइन एवं तकनीक**
**अदनान हाशमी**
सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०



**"I believe that God put us in this jolly world to be happy and enjoy life"**

*- Lord Robert Baden-Powell*

## CONTENTS – अनुक्रमणिका

❖ प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 2
❖ प्रादेशिक कार्यक्रम - 4
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत - 08
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज - 09
❖ जनपदीय कार्यक्रम - 10
❖ लेख एवं कहानियां - 27
❖ सम्पर्क सूत्र – प्रादेशिक मुख्यालय - 29
❖ आई० टी० विभाग - 30
❖ विज्ञापन - 31



## प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...



**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
**प्रादेशिक मुख्यायुक्त**
**भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०**

**प्रिय साथियों,**

स्काउटिंग/गाइडिंग कार्यक्रम के सफल कियान्वयन मे आप सभी उत्साही एंव रचनात्मक सहयोगियों से संवाद स्थापित करने में मै स्वंय को हर्षित अनुभव कर रहा हूँ। वर्तमान परिवेश में हमें एक बार फिर स्काउटिंग/गाडिंग के उन मूल्यों, मान्यताओं, परम्पराओं एंव आवश्यकताओं का पुनरावलोकन करना होगा, जिनके आधार पर 1907 में लार्ड बेडेन पावेल ने स्काउटिंग/गाइडिंग कार्यक्रम को प्रारम्भ किया था क्यों कि चरित्र अनुशासन, स्वावलम्बन एवं दायित्व निर्वहन वह शाश्वत तत्व है, जो किसी भी राष्ट्र के निर्माण एंव उसके विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।

उक्त के क्रम में आपके सहयोग से आज प्रदेश में स्काउटिंग/गाइडिंग के क्षेत्र में कई उपलब्धियॉ हासिल हुई हैं। यह आपके समर्पित सहयोग से ही सम्भव हो पाया है, जैसे :– जिला संस्थाओं के लिए नियमावली तैयार करना,बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन, सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना, विश्व विद्यालयों को जनपद स्तर का दर्जा देना, जन कल्याण कोष स्थापित करना, प्रशिक्षण केन्द्रों का निर्माण, विकास एंव कायाकल्प तथा आन लाइन प्रशिक्षण आदि। इस वर्ष हमने 2 नई योजना/ कार्यक्रम प्रारम्भ किए है :– प्रथम वन डिस्ट्रिक वन एक्टिविटी (**one district one activity**) तथा द्वितीय सर्वोत्तम केडेट प्रतियोगिता। इस संबंध में विस्तृत निर्देश जारी कर दिए गये है। मेरा सभी जिला संस्थाओं से अनुरोध है कि निर्धारित समय सारिणी के अंतर्गत उक्त दोनों योजनाओं में भी समुचित कार्यवाही करने का कष्ट करें, ताकि जिले के स्काउटिंग/गाइडिंग से जुडे समस्त छात्र/छात्राओं को उक्त का लाभ मिल सके।

आप सभी को चरित्र निर्माण के इस महाभियान में जोडने तथा और अधिक सशक्त करने के लिए ''**तेजल**'' पत्रिका प्रकाशित की जा रही है। इस पत्रिका के माध्यम से आप अपने विचारो और गतिविधियों से न केवल जुड सकते हैं वरन् अपने विचारो की अभिव्यक्ति भी कर सकते हैं।

मुझे आशा है कि प्रदेश की त्रैमासिक पत्रिका ''तेजल'' का यह अंक आप सभी को रूचिकर लगेगा। मेरा सभी जिला संस्थाओं से अनुरोध है कि प्रत्येक .त्रैमास की अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों का विवरण, फोटोग्राफ्स सहित प्रादेशिक संस्था की ई–मेल **itbsgup@gmail.com** पर समयान्तर्गत भेजे ताकि प्रत्येक जिले की गतिविधियॉ ''तेजल'' में सम्मिलित की जा सके। पत्रिका को और अधिक सार्थक बनाने हेतु यदि आपके कोई सुझाव है, तो उन सुझावों का स्वागत है।

सभी को हार्दिक शुभकामनाओं सहित,

(डॉ0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त

## *प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय द्वारा प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत का निरिक्षण ..........*

दिनांक 15 एवं 16 अप्रैल 2023 को डॉ० प्रभात कुमार, प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० द्वारा प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत का निरिक्षण किया गया | इस अवसर पर प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट) श्री राजेश मिश्रा जी, प्रादेशिक सचिव श्री आनन्द सिंह रावत, प्रादेशिक मुख्यालय आयुक्त श्री अतुल गुप्ता जी सहित क्षेत्रीय तहसीलदार, जल निगम, विधुत विभाग के पदाधिकारी और भवन निर्माण करने वाली संस्था के इंजीनियर आदि उपस्थित रहे |



# प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

## प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति बैठक

सत्र 2022-23 में प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति की द्वितीय बैठक दिनांक 26 मार्च, 2023 को डॉ० प्रभात कुमार, प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० की अध्यक्षता में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, निशातगंज, लखनऊ में आहूत की गयी। बैठक में कुल 15 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। बैठक में संस्था के आय-व्यय की सूचना, वर्ष 2022-23 में संगठनात्मक और प्रशिक्षणात्मक कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों की जानकारी और वर्ष 2023-24 में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कार्ययोजना, भारत स्काउट और गाइड कर्मचारी कल्याण कोष, प्रादेशिक मुख्यालय से ऑनलाइन प्रमाण पत्र निगर्मन एवं प्रादेशिक संस्था की बेवसाइट से जनपदो को जोड़ने की अद्यतन स्थिति, विश्वविद्यालय को जनपद संस्था बनाये जाने की दिशा में प्रगति आख्या, 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की प्रगति आख्या और राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा संस्था की उपनियमावली की जानकारी माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गई ।



## प्रादेशिक वित्त समिति बैठक

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की प्रादेशिक वित्त समिति की बैठक माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी की अध्यक्षता में प्रादेशिक मुख्यालय, गोल मार्केट, महानगर लखनऊ में दिनांक 25 मार्च 2023 को संपन्न हुई | बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22 का आडिट स्टेटमेन्ट, वित्तीय वर्ष 2022-23 का आय-व्यय विवरण, और वित्तीय वर्ष 2023-24 का प्रस्तावित बजट मा० सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया |



## बी०एस०जी० ज्ञान क्विज *Online

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में डॉ० प्रभात कुमार, प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० के दिशानिर्देशन में चिन्तन दिवस के अवसर पर दिनांक 22 से 28 फरवरी 2023 के मध्य समय 04 बजे से बी०एस०जी० ज्ञान क्विज़ यू-ट्यूब चैनल BSGUP-Official पर आयोजित की गई | जिसमे प्रतिदिन जुड़ने वाले प्रतिभागियों को भारत स्काउट और गाइड संगठन की जानकारी, कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड, रोवर/रेन्जर के प्रगतिशील प्रशिक्षण, वयस्क प्रशिक्षण, प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज एवं शीतलाखेत की लाइव विजिट, बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता 2021-22 के विजयी प्रतिभागियों का साक्षात्कार एवं 18 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की उपलब्धियों की जानकारी प्रदान की गई तत्पश्चात प्रतिदिन स्काउट/गाइड ज्ञान की वृद्धि हेतु क्विज़ का आयोजन किया गया | क्विज़ में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का परिणाम संस्था की वेबसाइट www.bsgup.org से प्राप्त किया जा सकता है |




## सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की मासिक बैठक

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी की अध्यक्षता में समस्त जनपदो की स्काउट/गाइड गतिविधियों की समीक्षा हेतु सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की बैठक दिनांक 26 मार्च 2023 को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, निशातगंज, लखनऊ में आयोजित की गई | बैठक में माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये |



## चिन्तन दिवस समारोह

22 फरवरी 2023 चिन्तन दिवस के अवसर पर प्रादेशिक मुख्यालय भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० लखनऊ में लार्ड बेडेन पावेल और लेडी बेडेन पावेल का जन्म दिवस बड़ी ही धूमधाम से आयोजित किया गया | सर्व प्रथम लार्ड बेडेन पावेल और लेडी बेडेन पावेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किये गये और सर्व धर्म प्रार्थना का आयोजन भी किया गया | इस अवसर पर प्रादेशिक मुख्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे |



## नव-नियुक्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) *प्रशिक्षण



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था में सहायक प्रादेशिक संगठन (गाइड) के रिक्त पदों पर प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के निर्देशन में 04 सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) की नियुक्ती की गई | जिसमे लिखित परीक्षा, कम्प्यूटर दक्षता परीक्षा एवं साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों का चयन किया गया | इसके पश्चात् दिनांक 16 से 25 मार्च 2023 की अवधि में 04 नव-नियुक्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) का प्रशिक्षण प्रादेशिक मुख्यालय में संपन्न हुआ | दिनांक 26 मार्च 2023 को 04 नव-नियुक्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) को निम्नानुसार मण्डल आवंटित किये गये :-

1. श्रीमती प्रज्ञा सिंह – कानपुर मण्डल
2. श्रीमती नेहा कटियार – अलीगढ़ मण्डल
3. सुश्री कविता पाण्डेय – सहारनपुर मण्डल
4. सुश्री प्रीती – आगरा मण्डल

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस

25 जनवरी 2023 राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के 40 स्काउट/गाइड, रोवर/रेन्जर ने इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान में प्रतिभाग किया और भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था द्वारा मतदान जागरूकता के कार्यो की प्रदर्शनी लगाई जिसमे विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के पोस्टर, बैनर, ई० वी० एम० मशीन का माडल, रंगोली आदि प्रदर्शित की | इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक के रूप में श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव, प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) उपस्थित रही |



## प्रादेशिक रोवर / रेन्जर समागम

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में दिनांक 27 से 29 मार्च 2023 तक प्रादेशिक रोवर/रेंजर समागम कुलभाष्कर पी०जी० कालेज प्रयागराज में आयोजित किया गया | जिसमे प्रदेश से 16 टीमो ने प्रतिभाग किया और समागम का उद्घाटन प्रो० राजेन्द्र प्रसाद, रज्जू भैया विश्वविद्यालय के कुलपति जी ने किया| समागम के दुसरे दिन फर्स्टऐड, ट्रसिल दौड़ और किम गेम जैसी प्रतियोगिताये हुई और समापन सत्र में प्रयागराज सयुक्त शिक्षा निदेशक के द्वारा हुआ और इस कार्यकम में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री हीरालाल यादव और सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट और गाइड) उपस्थित रहे |




## पोषण पखवारा अभियान

23 मार्च 2023 को भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय, लखनऊ में पोषण पखवाडा के तहत मोटे अनाज संतुलित आहार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम यूनिसेफ और भारत स्काउट और गाइड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया | इस अवसर पर यूनिसेफ संस्था से श्री आसिफ हुसैन, सामाजिक व्यवहार परिवर्तन सलाहकार एवं डॉ० आशीष, न्युटीशियन सलाहकार ने संतुलित आहार से सम्बंधित जानकारी प्रदान की | कार्यक्रम में स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर सहित संस्था के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे |



## एक झलक ...

### प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत




# प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा) में निर्माण कार्य प्रगति पर

Admin Block




Kitchen +Dining Block +Multi Purpose Hall



Care Taker Block



Hostel Block







Toilet Block



**एक झलक ...**

## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत
संचालित प्रशिक्षण













TOTAL CCTV से निगरानी



20 KVA GENERATOR SET INSTALLED FOR 24 hr. ELECTRICITY



# जनपदीय कार्यक्रम

## मण्डल – लखनऊ

### जनपद –लखनऊ

भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० जनपद लखनऊ के तत्वाधान में दिनांक 22 फरवरी 2023 को जनपदीय स्काउट कार्यालय एस०एस०जे०डी० इण्टर कालेज, फैजुल्लागंज में स्काउट गाइड संस्था के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल का जन्मदिवस चिन्तन दिवस के रूप में हर्षउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन भी किया गया । जिला सचिव इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत स्काउट गाइड, उ०प्र० के प्रादेशिक उपाध्यक्ष डॉ० आर०पी० मिश्र ने लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्णन किया । मुख्य अतिथि डॉ० आर०पी० ने कहा कि आज पूरे विश्व में स्काउट गाइड के जन्म दाता लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल का जन्मदिन चिन्तन दिवस के रूप में हर्षउल्लास के साथ मनाया जा रहा है । इस अवसर पर जिला कमिश्नर एस० डी० यादव, जिला सचिव इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा, सहायक सचिव विश्वजीत सिंह, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) मधु पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) रीता मौर्या, सरस्वती देवी, प्रधानाचार्य योगेन्द्र मिश्रा, गाइड कैप्टन नीतू सिंह के साथ विद्यालय के स्काउट्स/गाइड्स उपस्थित रहे ।



### जनपद – हरदोई

भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था हरदोई में दिनांक 22 फरवरी 2023 को चिंतन दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला मुख्यायुक्त श्री वी. के. दुबे और जिला परिषद के अध्यक्ष श्री अभय शंकर गौड़ ने सर्वप्रथम बेडेन पावेल एवं श्रीमती बेडेन पावेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । चिंतन दिवस के अवसर



पर जिला संस्था हरदोई के जिला मुख्यायुक्त श्री वी०के० दुबे जी ने भारत में स्काउटिंग के जनक पंडित श्रीराम बाजपेई की प्रतिमा का अनावरण किया । पंडित श्रीराम बाजपेई का जन्म हरदोई जनपद के शिरोमणि नगर (शाहाबाद) गांव में ही हुआ था इसलिए हरदोई जनपद के स्काउट भवन में उनकी प्रतिमा की स्थापना किया गया । जनपद के लिए गौरव की बात है । जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने उद्बोधन में स्काउट और गाइड के बच्चों को श्री बाजपेई के आदर्शों पर चलने हेतु प्रेरित किया। जिला कमिश्नर स्काउट श्री अवधेश त्रिपाठी ने जिला संस्था हरदोई के विकास के बारे में अवगत कराया और जनपद में एक राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करने का संकल्प लिया।

### जनपद – रायबरेली

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था रायबरेली के तत्वाधान में दिनांक 31 मार्च 2023 को बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन वैदिक कन्या इंटर कॉलेज रायबरेली में किया गया |








# मण्डल – कानपुर

## जनपद – कानपुर नगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद कानपुर के तत्वाधान में दिनांक 22 फरवरी 2023 को स्काउट भवन में चिंतन दिवस मनाया गया। 22 फरवरी को स्काउटिंग के जनक लार्ड रॉबर्ट स्टीफेंसन स्मिथ बेडेन पॉवेल का जन्म दिवस चिंतन दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला मुख्यायुक्त आर० सी० शर्मा और जिला आयुक्त गिरीश मिश्र के साथ संयुक्त सचिव शारदा शुक्ला, सहायक सचिव एस० एन० शर्मा ने लॉर्ड बेडेन पॉवेल, लेडी बेडेन पॉवेल की फोटो पर माल्यार्पण करके किया। संचालन जिला संगठन आयुक्त त्रिवेंद्र कुमार और आभार प्रदर्शन सहायक आयुक्त सर्वेश तिवारी ने किया। आर्य कन्या इन्टर कालेज की गाइड कैप्टेन डॉ० संतोष अरोड़ा को ए०एल०टी० प्रमाणपत्र जिला मुख्यायुक्त और जिला आयुक्त ने प्रदान किया। विभिन्न विद्यालयों से आए स्काउट और गाइड ने अपने विचार प्रकट किये। इस अवसर पर नीता त्रिपाठी, सर्वेश तिवारी, त्रिवेंद्र कुमार, संतोष अरोड़ा, लाल जी यादव, एस०एस० द्विवेदी, अशोक सिंह, शिव प्रसाद अवस्थी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे




## जनपद – औरैया

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद औरैया के डी०पी०आई०एस० औरैया के तत्वाधान में स्काउट गाइड के जनक लार्ड बेडेन पावेल का जन्मदिन चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर सबसे पहले सर्व धर्म प्रार्थना किया गया | तत्पश्चात लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा ने माल्यार्पण किया और जिला सचिव श्री नीरज चौधरी जी जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) प्रदीप कुमार त्यागी और जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती अंजना सिंह और काउंसलर के रूप में ललित शर्मा, अभिषेक द्विवेदी और प्रधानाचार्य मोहित कृष्णा वर्मा जी और सभी लोगों ने बड़े हर्ष और उल्लास के साथ लार्ड बेडेन पावेल का जन्मदिन मनाया और इस अवसर पर डीपीआईएस स्कूल के समस्त स्टॉप उपस्थित रहे |




## जनपद – इटावा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद इटावा के तत्वाधान में दिनांक 22 फरवरी 2023 को स्काउट भवन कार्यालय इटावा पर लॉर्ड बैडन पावेल की स्मृति के अवसर पर चिंतन दिवस का आयोजन किया गया। जिला सचिव रविंद्र सिंह यादव ने लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ सुनील कुमार सिंह जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), विपिन कुमार सहायक जिला सचिव, स्वीटी मथुरिया जिला संगठन आयुक्त (गाइड), कुलदीप कुमार, पंकज कुमार सिंह चौहान, बसंत सिंह राजपूत एवं पीयूष दीक्षित आदि स्काउटर व गाइडर उपस्थित रहे



# मण्डल – मुरादाबाद

## जनपद – बिजनौर

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद बिजनौर के तत्वधान में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया | प्रशिक्षण में राज्य की सहायता प्राप्त सीबीएसई स्कूलों के 116 शिक्षकों ने भाग लिया प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ जिला स्काउट कमिश्नर प्रधानाचार्य डॉ० निर्मला शर्मा ने ध्वजारोहण कर किया | जिला स्काउट लीडर सत्यपाल सिंह मलिक ने विभिन्न स्कूलों से आए स्काउट गाइड टीचर को स्काउट गाइड ध्वज, उद्देश्य, नियम, प्रतिज्ञा तथा इसके प्रयास की जानकारी देते हुए सैल्यूट करने का प्रशिक्षण दिया | प्रशिक्षण में जिला सचिव गिरीश चंद, जिला स्काउट मास्टर अशोक कुमार, जिला गाइड कमिश्नर रितु रानी, तहसील प्रभारी नगीना, सुनील कुमार, महेंद्र सिंह, शिवकुमार उपस्थित रहे |





## जनपद – अमरोहा

भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जनपद अमरोहा के द्वारा माह जनवरी वर्ष 2022-23 मई विश्वविद्यालय रोवर रेंजर समागम का आयोजन जेएस हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमरोहा संबद्ध महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली में कराया गया। जिसमें विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कुल 13 स्नातकोत्तर भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जनपद अमरोहा के द्वारा माह





जनवरी वर्ष 2022-23 मई विश्वविद्यालय रोवर रेंजर समागम का आयोजन जेएस हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमरोहा संबद्ध महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली में कराया गया। जिसमें विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कुल 13 स्नातकोत्तर माहविद्यालयों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन सुश्री सितारा त्यागी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मुरादाबाद और बरेली मंडल और सफल संचालन श्री अजय कुमार जिला संगठन आयुक्त स्काउट के द्वारा किया गया । समागम में रोवर विंग में जे एस हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमरोहा तथा रेंजर इन जे एस हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमरोहा ने अपना शक्ति का परिचय देते हुए विजय प्राप्त की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री डॉ हरी सिंह ढिल्लों शिक्षक विधायक क्षेत्र मुरादाबाद बरेली मंडल रहे। मुख्य अतिथि के द्वारा सभी प्रतिभागी टीमों को और प्रभारियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र दिए गए। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद संस्था अमरोहा के द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री हरि सिंह ढिल्लों जी को स्मृति चिन्ह सुश्री सितारा त्यागी सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त डॉ जी पी सिंह जिला मुख्य आयुक्त, श्री आदिल अब्बासी जिला आयुक्त स्काउट, श्रीमती स्नेह लता जिला आयुक्त गाइड, श्री ज़ैद बिन अली जिला सचिव, श्री अनिल कुमार जिला कोषाध्यक्ष, श्री अतुल कुमार कौशिक जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट आदि द्वारा भेंट किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री डॉ वीरेंद्र जी द्वारा की गई आपने सभी अतिथियों का सभी प्रतिभागी टीमों और संबंधित प्रतिभागियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

## मण्डल – बरेली

### जनपद – पीलीभीत



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद पीलीभीत के तत्वाधान में दिनांक 23 जनवरी 2023 को नेता सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती के अवसर पर जिला प्रशाशन द्वारा यातायात माह में आयोजित मानव श्रृंखला में स्काउट गाइड ने प्रतिभाग किया जिसमें स्काउट गाइड मानव श्रृंखला बनवाने में सहयोग प्रदान किया। साथ ही समस्त स्काउट गाइड ने स्काउट भवन पर पहुंचकर नेता सुभाष चन्द्र बोस जी को पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया । कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अभिषेक पांडेय, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) शालिनी पांडेय आईटी समन्वयक अभिषेक प्रजापति, ट्रेनिंग काऊंसर योगेश मौर्य, मनोज राना, तनुष्का शर्मा , सौम्या अविरल प्रशिक्षक दीपक शर्मा व विनीत, प्रशांत, धर्मादित्य, रवीना, अनन्या, आदि स्काउट गाइड उपस्थित रहें |

31 मार्च 2023 को खाद सुरक्षा के अंतर्गत ईट राईट कार्यक्रम गाँधी स्टेडियम में आयोजित हुआ । जिसमें स्काउट गाइड के द्वारा ड्रमड राजकीय इंटर कॉलेज पीलीभीत से गाँधी स्टेडियम तक खाद पदार्थ के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई जिसको जिला खाद अधिकारी व जिला विधालय निरीक्षक ने झंडी दिखाकर रवाना किया उससे उपरान्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गन्ना और चीनी मिल राज्य मंत्री को स्वागत स्काउट गाइड के द्वारा किया गया।



## मण्डल – प्रयागराज

### जनपद – कौशाम्बी

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में दिनांक 20 मार्च 2023 को रोवर्स रेंजर्स समागम भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी कौशांबी मे हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिला अधिकारी श्री सुजीत कुमार कुमार रहे | मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया साथ ही रेंजर्स द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया | मुख्य अतिथि को श्री श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट ने स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया | रोवर्स रेंजर्स ने जिलाधिकारी महोदय को मार्च पास्ट करते हुए सलामी दिया इस कार्यक्रम में प्रोफेसर रज्जू भैया विश्वविद्यालय महामाया राजकीय महाविद्यालय ओसा कौशांबी, भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी कौशांबी, स्नाकोत्तर पीजी कॉलेज पट्टी प्रतापगढ़, एमजीपीजी कॉलेज फतेहपुर, एमडी पीजी कॉलेज प्रतापगढ, आदि महाविद्यालयों के रोवर्स रेंजर्स ने प्रतिभाग किया | समागम में निबंध, पोस्टर, क्वीज, कलर पार्टी, मार्च पास्ट, स्पीच, कैंप फायर आदि की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। जिसमें निर्णायक के रूप में श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट, सुशील सिंह जिला स्काउट मास्टर प्रतापगढ़, संजीव शर्मा प्रतापगढ़, सुश्री पुष्पा विश्वास कौशांबी, आदि ने प्रतियोगिता में निर्णय के रूप में कार्य किया | समागम का संचालन सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर स्काउट प्रयागराज मंडल प्रयागराज श्री कमलेश द्विवेदी ने किया।



## मण्डल – अयोध्या

### जनपद – अयोध्या

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद अयोध्या के तत्वाधान में दिनांक 22 फरवरी 2023 को विश्व स्काउट चिंतन दिवस जनपद अयोध्या के स्काउट भवन में श्री अमित सिंह जिला मुख्य आयुक्त एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन जनपद अयोध्या के कर कमलों द्वारा शुभारंभ किया गया | इस समारोह विशिष्ट अतिथि माध्यमिक विभाग के लेखाधिकारी महोदय एवं सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर राकेश कुमार गुप्ता एवं जिला सचिव के द्वारा उद्घाटन किया गया विश्व स्काउट चिंतन दिवस अयोध्या जनपद सीबीएसई स्कूल जेबीएकेडमी भवदीय यश पब्लिक स्कूल, यश विद्या मंदिर विद्यालय, कम अपोजिट विद्यालय अंगूरी बाग, कम अपोजिट विद्यालय पारा ताजपुर, मनोचा गर्ल्स डिग्री कॉलेज, कनासा कान्वेंट स्कूल स्काउट गाइड कब बुलबुल रोवर रेंजर मौजूद रहे इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से श्री देव नारायण सिंह श्री विनोद कुमार मिश्रा पूर्व कोषाध्यक्ष श्री आलोक कुमार तिवारी मंत्री माध्यमिक शिक्षा विभाग गिरीश चंद्र जिला कोषाध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य यस विद्या मंदिर श्री मुकेश साहू श्री हर्षित तिवारी श्री बृजेंद्र दुबे सुश्री निधि महिंद्रा सुप्रिया सिंह आज सभी लोग मौजूद रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया और जलपान कराया |



### जनपद – अमेठी

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी के तत्वाधान में उ०प्र० शासन के द्वारा अमेठी महोत्सव का आयोजन श्री रणंजय इण्टर कालेज, आयोजित किया गया । जिसमें जिला आयुक्त (गाइड) गौरीगंज के प्रांगण में दिनांक: 24 से 26 मार्च 2023 को डॉ० फूलकली गुप्ता, प्रधानाचार्या, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अमेठी के दिशा निर्देशन में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अमेठी




की गाइड टीम एवं श्री रणवीर इण्टर कालेज, स्काउट दल के द्वारा कलर पार्टी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर आये हुए अतिथियों का मन मोह लिया । महोत्सव का उद्घाटन श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी केन्द्रीय मंत्री के कर कमलों द्वारा किया गया । जिसमें स्काउट और गाइड के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रस्तुत किया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर स्थान प्राप्त किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती गरिमा यादव, जिला संगठन आयुक्त (गाइड), शशांक यादव जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), श्री राकेश देव पांडेय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), ट्रेनिंग काउंसलर मो० शकील खान, निखिल सिंह, सचिन विश्वकर्मा, देवेंद्र प्रताप सिंह ने अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम की सफलता हेतु श्री उदय प्रकाश मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक, श्रीमती संगीता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, श्री जय प्रकाश तिवारी, जिला मुख्यायुक्त, श्री राजेन्द्र बहादुर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष, श्री मान सिंह जिला आयुक्त (स्काउट), श्री राम प्रकाश सिंह, जिला सचिव ने सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किया।

### जनपद – अम्बेडकरनगर



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद अम्बेडकरनगर के तत्वाधान में दिनांक 22 फरवरी 2023 को जिला विद्यालय निरीक्षक श्री अवध किशोर सिंह

के दिशा निर्देशन एवं जिला मुख्यायुक्त डॉ० तारा वर्मा जी के नेतृत्व में भारत स्काउट गाइड के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल तथा लेडी बेडेन पावेल के जन्मदिवस को चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर जिला आयुक्त स्काउट श्री राजेंद्र प्रसाद चौधरी, जिला आयुक्त गाइड श्रीमती नीलम वर्मा, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री बलिराम राजभर, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) डॉ० प्रियंका तिवारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सत्यवती, सहायक जिला सचिव श्री चंद्रपाल वर्मा, स्काउट मास्टर श्री रविंद्र कुमार, श्री रवि प्रकाश चौधरी, ट्रेनिंग काउंसलर श्री गौरव गोस्वामी, सुश्री कविता आदि लोग उपस्थित रहे



## जनपद – बाराबंकी

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद बाराबंकी के तत्वाधान में दिनांक 17 मार्च 2023 को स्थानीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय देवा बाराबंकी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की कलर पार्टी ने माननीय उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश कुमार पाठक एवं प्रदेश सरकार के खाद एवं रसद विभाग के राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र शर्मा जी का स्वागत किया तत्पश्चात घोष वादन के साथ विद्यालय परिसर तक मार्च पास्ट कर अनुशासन के एवं गाइड स्लोगन के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावत एमएलसी, श्री अंगद सिंह जिला अधिकारी बाराबंकी, अविनाश कुमार मुख्य विकास अधिकारी, श्रीमती एकता सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, श्री संतोष कुमार देव पांडे सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी मनोज कुमार त्रिपाठी खंड शिक्षा अधिकारी, श्री राम नारायण यादव, जिला गाइड कैप्टन श्रीमती ऋतु अग्निहोत्री विद्यालय की वार्डन श्रीमती अनीता विद्यालय के व्यायाम शिक्षक अभिषेक कुमार सिंह जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी कंप्यूटर शिक्षक विनय कुमार चंद्रमौली सीमा नीलम लता सहित अनेक लोक शिक्षा विभाग के उपस्थित रहे। जिला मुख्य आयुक्त बाराबंकी डॉ राम कुमार गिरि ने स्काउट गाइड की गतिविधियों के माध्यम से माननीय उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को गार्ड ऑफ ऑनर देने पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं जिला संस्था को हार्दिक बधाइयां दी |

# मण्डल – मिर्जापुर

## जनपद – मिर्जापुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद मिर्जापुर के तत्वाधान में चैत्र नवरात्र मेला सेवा शिविर मां विंध्यवासिनी धाम विंध्याचल मिर्जापुर में आयोजित किया गया शिविर का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक मिर्जापुर श्री अमरनाथ सिंह के द्वारा किया गया | इस मौके पर उपस्थित श्री कुलदीप कुमार शुक्ला जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), श्री महेंद्र नाथ जिला सचिव मिर्जापुर, श्रीमती सत्यम बदा सिंह जिला गाइड कैप्टन मिर्जापुर, श्री अमित कुमार प्रजापति जिला समन्वयक, श्री अखिलेश्वर पति त्रिपाठी, श्री मनोज कुमार नीलम, डॉ विजय शंकर, श्री राज मंगल तिवारी, श्री सुरेंद्र सिंह के सहयोग से लगातार 9 दिन तक निस्वार्थ भाव से सभी स्काउट गाइड मां के धाम में आए हुए भक्तों का सेवा कार्य किया |



## मण्डल – वाराणसी

### जनपद – चंदौली

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद चंदौली के तत्वाधान में जनपदीय समागम सकलडीहा पीजी कालेज सकलडीहा चंदौली मे आयोजित किया गया | जिसका का भव्य समापन आदरणीय जिला मुख्यआयुक्त डॉ० एस०के० लाल जी, जिला सचिव श्री वीरेंद्र कुमार सिंह, श्री सत्यमूर्ति ओझा जी, सूश्री अंजू कुमारी जी, श्री जय प्रकाश रावत जी, डॉ० भानु प्रताप सिंह जी, श्रीमती पुष्पा राय जी एवं समस्त मेरे अग्रज एवं अनुज के आशीर्वाद एवं प्रयास से सकुशल संपन्न हुवा जिसमे शहीद हीरा सिंह रा०पी०जी० कालेज धानापुर विजेता, सकलडीहा पीजी कालेज सकलडीहा उपविजेता, पंडित कमलापति त्रिपाठी रा०पी०जी० कालेज चंदौली तृतीय, माँ खंडवारी देवी महिला पीजी कालेज चहनिया एवं माँ खंडवारी देवी पीजी कालेज क्रमशः सराहनीय रहा |



### जनपद – गाजीपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद गाजीपुर के तत्वाधान में दिनांक 22 जनवरी 2023 को विश्व स्काउट एवं गाइड के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल की जयंती स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाज़ीपुर के ग्राउंड पर समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री दिनेश सिंह यादव, जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्री प्रमोद कुमार यादव, लूदर्स कन्वेंट इंटर कॉलेज गाइड प्रभारी सिस्टर अंजना एवं गाइड कैप्टन श्वेता कश्यप ने लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। चिंतन दिवस के कार्यक्रम में पीजी कॉलेज, राजकीय महिला महाविद्यालय, आदर्श इंटर कॉलेज महुआबाग, लुदर्स कॉन्वेंट बालिका इंटर कॉलेज, राम प्रसाद कुशवाहा स्मारक इंटर कॉलेज छावनी लाइन एवं टाउन नेशनल इंटर कॉलेज सैदपुर के स्काउट-गाइड एवं रोवर-रेंजर उपस्थित रहे। इस अवसर पर एक क्विज, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। और इस कार्यक्रम में जनपद रोवर-रेंजर संयोजक डॉ० मनोज



मिश्र, रेंजर प्रभारी डॉ० शिवकुमार एवं डॉ० अशोक सिंह जी भी उपस्थित रहें |

### जनपद – वाराणसी

जनपद वाराणसी के तत्वाधान में श्री गिरीश कुमार सिंह जिला अध्यक्ष/ जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी एवं डॉ० हरेंद्र कुमार राय जिला मुख्यायुक्त जनपद वाराणसी के निर्देशन व डॉ० उमेश कुमार सिंह जिला सचिव वाराणसी के नेतृत्व में पं० दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय चंदापुर वाराणसी में 22 फरवरी चिंतन दिवस के अवसर पर स्काउटिंग के जन्मदाता बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल का जन्म दिवस मनाया गया इस अवसर पर स्काउट गाइड के द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई | कार्यक्रम संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार ने किया | इस अवसर पर डॉ०मीना कुमारी जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड ने सभी स्काउट छात्रों को बेडेन पावेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्काउट गाइड विश्व की सबसे बड़ी वर्दीधारी संगठन है जो विश्व के 216 देशों में संचालित होता है जिसका मूल उद्देश्य है व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करना एवं जिम्मेदार नागरिक तैयार करना। कार्यक्रम का संचालन श्री विष्णु विश्वकर्मा जिला संगठन आयुक्त स्काउट एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती रामेश्वरी वर्मा जिला संगठन आयुक्त गाइड वाराणसी ने किया



## मण्डल – मेरठ

### जनपद – गौतम बुद्धनगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद गौतमबुद्ध नगर के तत्वाधान में दिनांक 24 मार्च 2023 को जिलाधिकारी महोदय के आदेशानुसार भारत स्काउट और गाइड के लगभग 150 स्काउट और गाइड ने एन०डी०आर०एफ०, सी०आई०एस०एफ०, फायर बिग्रेड, आई०जी०एल०, आइ०टी०बी०पी०, अग्निशमन विभाग, आदि के साथ जनपद के एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी, जिम्स हॉस्पिटल कासना और ए डब्ल्यू एच रेजिडेंशियल सोसायटी पर भूकंप के बाद रेस्क्यू अभियान चलाने के लिए अभ्यास किया गया । कलेक्ट्रेट में स्थित कंट्रोल रूम में एडीएम वंदिता श्रीवास्तव जी ने समस्त टीमों को दिशा निर्देश दिए । समस्त प्वाइंटों पर जनपद के एस०डी०एम० तहसीलदार सहित सभी विकास प्राधिकरण के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे उपरोक्त अभियान में स्काउट और गाइड सहित बेसिक शिक्षा विभाग से जिला स्काउट मास्टर श्रीमती भारती श्रीवास्तव, श्रीमती आरती कुलश्रेष्ठ, श्रीमती ज्योतिमयी पांडे, श्री कृष्ण कुमार, श्रीमती श्वेता, श्रीमती अनुपमा, स्काउट मास्टर श्री धर्मेंद्र कुमार, श्रीमती रजनेश शर्मा, प्रिया चौधरी, श्रीमती रजनी, श्री कन्हैया कुमार, श्रीमती अंजना वर्मा, श्री ऐ०के०दास ,श्री विकास कुमार, श्री कादिर खान,श्री कुलदीप कुमार, सुश्री परिणिता गुप्ता ने सहयोग दिया। भारत स्काउट और गाइड की तरफ से उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन श्री शिवकुमार जिला सगंठन कमिशर (स्काउट) एवं श्रीमती शैफाली गौतम जिला सगठनं कमिश्नर (गाइड) ने किया।



### जनपद – बागपत

भारत स्काउट और गाइड उ०प्र० जनपद बागपत के जनपद मुख्यालय पर स्काउटिंग और गाइडिंग के जन्मदाता बेडेन पावेल का जन्मदिवस चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर सबसे पहले प्रार्थना की गई, तत्पश्चात बेडेन पावेल के चित्र पर जिला संस्था बागपत के स्काउट कमिश्नर श्री जयपाल शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण किया गया । इसके पश्चात सभी स्काउट और गाइड ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए । चिंतन दिवस के रूप में जिला संस्था ने युवाओं में स्काउट और गाइड द्वारा किस प्रकार से चरित्र निर्माण और सामाजिक सरोकार उत्पन्न किए जा सकते हैं विषय पर परिचर्चा की गई । इस अवसर पर बोलते हुए स्काउट फिरोज ने बताया की अपने आप को स्काउटिंग के नियमों पर चला कर हम समाज को बदल सकते हैं | कार्यक्रम के अंत में जिला कमिश्नर श्री जयपाल शर्मा ने कहा कि स्काउट और गाइड' छात्र सेना' का विश्व का सबसे बड़ा स्वरूप है । यदि स्काउट और गाइड मनसे ठान ले कि हमें समाज में एक विकासशील क्रांति लानी है ताकि भारत का नाम पूरे विश्व में आदर के साथ लिया जा सके, तो हमें स्काउटिंग के नियमों पर चलना होगा । आज के कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त स्काउट अशोक बंधु भारद्वाज ने किया तथा इस कार्यक्रम की व्यवस्था में स्काउट और गाइड के अलावा जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती शशिबाला ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया




### जनपद – हापुड़

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद संस्था हापुड़ द्वारा एल एस डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल पिलखुआ में तृतीय सोपान का आयोजन किया गया 22 फरवरी को संस्था के कार्यालय पर चिंतन दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसमें स्काउट गाइड रोवर्स रेंजर्स ने जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड के साथ प्रतिभाग किया इस अवसर पर सर्व धर्म प्रार्थना का भी आयोजन किया गया दिनांक 10 मार्च को जनपद संस्था की परिषद की बैठक वीआईपी इंटर कॉलेज पिलखुआ हापुर में आयोजित की गई जिसमें बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि बालचर शुल्क एवं

नवीनीकरण पंजीकल शुल्क का एकत्रीकरण सीबीएसई विद्यालयों में दल पंजीकरण तथा प्रादेशिक संस्था के अधिक से अधिक आजीवन सदस्य बनाने पर विचार किया गया इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री श्री मयंक शर्मा ने प्रादेशिक संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी बैठक की अध्यक्षता संस्था के उपाध्यक्ष श्रीमती वीणा शर्मा जिला उपाध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य वीआईपी इंटर कॉलेज पिलखुआ हापुर ने की इस अवसर पर श्री जयवीर सिंह पूर्व प्राचार्य डाइट को प्रादेशिक संस्था के आजीवन सदस्य बनने पर सभी ने बधाई दी और जिला उपाध्यक्ष श्री अमृत सिंह जिला मुख्य डॉ सुबोध कुमार गुप्ता जिला सचिव श्री रामवीर सिंह पुंडीर जिला आयुक्त स्काउट श्री राजेश यादव जिला उपाध्यक्ष डॉ० संदीप सिंघल ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती बीना शर्मा को जिला आयुक्त गाइड ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मयंक श्री मयंक शर्मा को को परिषद के उपाध्यक्ष श्री अमृत सिंह डॉक्टर संदीप सिंघल श्री जय वीर सिंह जिला आयुक्त स्काउट श्री राजेश यादव जिला सचिव श्री रामवीर सिंह पुंडीर ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित कि



## जनपद – गाजियाबाद

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था गाजियाबाद के तत्वाधान में मतदाता दिवस पर 24 और 25 जनवरी को जिला संस्था गाजियाबाद में मतदाता जागरूक अभियान चलाया गया जिसमें गाजियाबाद के 200 स्काउट गाइड एवं रोवर्स रेंजर्स ने प्रतिभाग किया 24 जनवरी 2023 को स्काउट और गाइड ने घर-घर जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया और अपना मत सही तरीके से इस्तेमाल करने की अपील की।




25 जनवरी 2023 को गाजियाबाद तथा मोदीनगर में अलग-अलग स्थान पर रेलिया निकाली गई जिसमें लोगों को यह संदेश दिया गया कि आपको अपने मतों का इस्तेमाल करना कितना जरूरी है तथा आपका एक वोट समस्त वातावरण को किस प्रकार बदल सकता है स्काउट गाइड एवं रोवर रेंजर ने लोगों को अलग-अलग तरीके से जागरूक किया जैसे पोस्टर मेकिंग, नुक्कड़ नाटक द्वारा, मेहंदी लगाकर लोगों को जागरूक किया गया मोदीनगर में इस जागरूक अभियान का शुभारंभ जिला सचिव श्री सतीश चंद्र अग्रवाल तथा गाजियाबाद में जिला मुख्य आयुक्त श्री देवेंद्र कुमार जी ने किया जिसमें जिले के सभी अधिकारी उपस्थित रहे और इस प्रोग्राम का आयोजन जिला संगठन कमिश्नर श्री श्याम सिंह तथा कमिश्नर गाइड श्रीमती रिंकू तोमर ने किया। इस मतदाता जागरूक अभियान में जिले के रोवर शेखर, निशांत तथा जिले की रेंजर दुर्गा, रिया, ज्योति उपस्थित रहे।

## जनपद – बुलंदशहर

भारत स्काउट और गाइड उ०प्र० बुलंदशहर द्वारा 25 जनवरी विश्व मतदाता दिवस के रूप में मनाते हुए जनपद के नगर क्षेत्र में जिलाधिकारी महोदय अपर जिलाधिकारी महोदय मुख्य विकास अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं समस्त जनपद के पदाधिकारियों स्काउट गाइड एवं अन्य छात्र छात्राओं के साथ जन जागरूकता रैली में प्रतिभाग किया तत्पश्चात मतदाता जागरूकता की शपथ लेते हुए अन्य नुक्कड़ नाटक कव्वाली आदि का आयोजन मंच के माध्यम से किया गया। और 22 मार्च को एनआईसी बुलंदशहर में अपर जिलाधिकारी फाइनेंस के साथ मिलकर भूकंप से पूर्व 24 मार्च 2023 को जनपद बुलंदशहर में आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल हेतु टेबल

टॉक एक्सरसाइज में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय निरीक्षक श्री शिव कुमार ओझा, जिला मुख्यायुक्त कैप्टन पी० के० शर्मा, जिला कमिश्नर (स्काउट) मनोज कुमार, जिला कमिश्नर डा. अनीता भारद्वाज, जिला सचिव नरेश कुमार शर्मा, सह सचिव रमेश पांडे, जिला संगठन आयुक्त पवन कुमार राठी, जिला कोषाध्यक्ष मलूक चंद, श्री ओपी हंस, श्रीमती राजबाला शर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्री अनिल कुमार, श्रीमती दीपमाला शर्मा एवं जनपद के समस्त और स्काउट/ गाइड, रोवर/ रेंजर और कब/ बुलबुल का सहयोग रहा |



## जनपद – मेरठ

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था मेरठ के द्वारा गणतंत्र दिवस स्काउट भवन मेरठ में बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया, जिसके अंतर्गत जिला



मुख्यायुक्त श्रीमती रेखा शर्मा ने ध्वजारोहण किया उपरोक्त दिनांक में ज्वलंत समस्याओं पर रैली निकाली गईं, जो इस प्रकार रही मतदाता जागरूकता, समलैंगिक जागरूकता, ट्रैफिक नियम जानकारी रैली विभिन्न चौराहों पर श्री सोमेंद्र सिंह, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती पूनम चौधरी, श्री सोनू कुमार, श्री संजय कुमार गुप्ता, श्रीमती नीरू प्रभा के निर्देशन में स्काउट/ गाइड, रोवर रेंजर ने रैली में प्रतिभाग कर जनमानस को संदेश दिया । 22 फरवरी अंतर्राष्ट्रीय चिंतन दिवस के रूप में स्काउट भवन लालकुर्ती,मेरठ में मनाया गया । सर्वप्रथम सर्व धर्म प्रार्थना श्रीमती रेखा शर्मा जिला मुख्यायुक्त की उपस्थिति में संपन्न हुई इस अवसर पर रोवर /रेंजर ने प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश वाले पोस्टर बनाएं विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में लार्ड बेडेन पावेल और लेडी वेडल पावर के जन्मोत्सव को मनाया गया।जनपद पदाधिकारीयों में श्री सुशील कुमार शर्मा,डा मंजू सिंह,डा गौरव पाठक,डा अंशु श्रीवास्तव ने चिन्तन दिवस पर बधाई दी |

## मण्डल – सहारनपुर

## जनपद – मुज्जफरनगर

भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० जनपद मुजफ्फरनगर में दिनांक 22 फरवरी 2023 को स्काउटिंग के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल के जन्मदिवस के उपलक्ष में डीएवी डिग्री कॉलेज मुजफ्फरनगर के प्रांगण में चिंतन दिवस कार्यक्रम मनाया गया जिसमें जिला मुख्य आयुक्त डॉ० कंचन प्रभा शुक्ला कॉलेज के प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार, जिला स्काउट/गाइड कमिश्नर श्रीमती रजनी गोयल, डॉ० विनोद कुमार, जिला सचिव सुखदेव कुमार मित्तल, जिला संगठन कमिश्नर स्काउट/गाइड भारत भूषण अरोरा, श्रीमती प्रभा दहिया, जिला ट्रेनिंग कमिश्नर अमरपाल सिंह, रोवर लीडर डॉ० मुकेश चंद्र त्यागी रेंजर लीडर डॉ० सुषमा सैनी व जिला आईटी कोऑर्डिनेटर अनुज कुमार ट्रेनिंग काउंसलर कुमारी ज्योति आयुष चौधरी, हरिओम पवार व समस्त स्काउट/गाइड रोवर/रेंजर और एस०पी० ट्रैफिक कुलदीप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे |



## मण्डल – बस्ती

### जनपद – संत कबीर नगर

भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था सन्त कबीरनगर के तहसील धनघटा में सेवा कार्य का शुभारंभ किया गया | उमरिया बाजार आदर्श इण्टर कालेज उमरिया के प्रधानाचार्य श्री जय प्रकाश सिंह जी के द्वारा स्काउट के एक दल को रवाना किए इस मौके पर उमरिया बाजार आदर्श इण्टर कालेज के स्काउट मास्टर प्रमात्मा यादव जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री रमेशचन्द्र यादव तहसील काउन्सलर धनघटा जामवंत यादव के देख रेख में बिडहर मेले में सेवा कार्य किया गया। इस मौके पर स्काउट निलेश,राजन, सुधीर,बिकास, सूरज , मनजीत ,पवन,सन्दीप आदि मौजूद रहे।



### जनपद – सिद्धार्थनगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद सिद्धार्थनगर के तत्वाधान में राजकीय इंटर कालेज नौगढ़ में स्काउटिंग के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल और उनकी पत्नी लेडी बेडेन पावेल के जन्मदिन को विश्व चिंतन दिवस के रूप में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया | श्री अवधेश नारायण मौर्य जिला विद्यालय निरीक्षक, श्री राम नवल सिंह जिला मुख्यायुक्त, श्री हरिओम जिला सचिव, श्री हरिश्चन्द्र यादव जिला संगठन आयुक्त स्काउट उपस्थित पदाधिकारी स्काउट/गाइड एवं रोवर्स/रेंजर्स आदि ने लार्ड बेडेन पावेल और उनकी पत्नी लेडी बेडेन पावेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर कपिलवस्तु महोत्सव में श्री हरिश्चंद्र यादव जिला संगठन आयुक्त स्काउट के नेतृत्व में श्री बाबूराम स्काउट मास्टर , सरोज यादव गाइड कैप्टन राजकीय इंटर कॉलेज नौगढ़ के सहयोग से लगातार पांच दिन तक सेवा कार्य करने वाले स्काउट गाइड एवं पदाधिकारियों को श्री अवधेश नारायण मौर्य जिला विद्यालय निरीक्षक और श्री राम नवल सिंह जिला मुख्यायुक्त के द्वारा मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री हरिश्चंद्र यादव जिला संगठन आयुक्त स्काउट ने किया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री देवेंद्र श्रीवास्तव प्रधानाचार्य श्री पशुपतिनाथ मिश्रा, श्री ओंकारनाथ स्टोनो ,श्री उमाशंकर, नितेश कुमार ओझा श्री आशीष कुमार श्रीवास्तव एवं समस्त स्काउट गाइड और पदाधिकारी गण उपस्थित रहे |



## मण्डल – अलीगढ़

### जनपद – हाथरस

भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जनपद हाथरस के तत्वाधान में अध्यक्ष/जिला विद्यालय निरीक्षक रीतू गोयल व जिला मुख्यायुक्त/उप शिक्षा निदेशक डॉ.ऋचा गुप्ता जी के निर्देशन में जनपद में बेसिक कोर्स स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन तथा एडवांस कोर्स स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर दिनाँक 21 से 27 जनवरी 2023 की अवधि में स्थान डी.आर.बी इंटर कॉलेज हाथरस में संचालित किया गया। बेसिक कोर्स प्रशिक्षण स्काउट एल.टी कृष्ण कुमार व गाइड एल टी विनीता चौधरी, एडवांस कोर्स प्रशिक्षण स्काउट एल.टी विनय कुमार गुप्ता, गाइड विंग से एल टी नीलम अरोड़ा के नेतृत्व में कोर्स संपन्न हुआ | जिसमे जनपद के विभिन्न शासकीय, अशासकीय, वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय, सी.बी.एस.ई.बोर्ड के विद्यालय, बेसिक शिक्षा परिषद के विभिन्न संविलियन विद्यालय, मेरठ व बरेली मंडल के स्काउट मास्टर/ गाइड कैप्टन प्रतिभाग किया।



## जनपद – अलीगढ़

18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी 04 से 10 जनवरी, 2023 में प्रतिभाग करनें वाले स्काउट और गाइड को सहायक प्रादेशिक आयुक्त/संयुक्त शिक्षा निदेशक अलीगढ़ मण्डल डॉ० मुकेश अग्रवाल नें अपने कार्यालय पर प्रतिभागियों को जम्बूरी के प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिला संगठन आयुक्त अलीगढ़ जफरूद्दीन अहमद ने बताया कि 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी राजस्थान के लिए 34 सदस्यी दल को जिला संगठन आयुक्त (गाइड) डॉ० शुभिका, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती ज्योति भार्गव, अध्यक्ष जिला युवा समिति श्री शशांक चौरसिया व मेंबरशिप ग्रोथ कॉर्डिनेटर श्री संजीव शर्मा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में जनपद से 18 स्काउट व 8 गाइड तथा 3 सर्विस रोवर्स जिला युवा समिति के साथ 1 गाइड कैप्टन सहित 4 स्काउट मास्टर ने अलीगढ़ मण्डल का प्रतिनिधित्व किया। जिनमें ऋषि चौरसिया, हरिओम, हिमांशु, लकी शर्मा, राशिका चौरसिया, तमन्ना राघव, भूमिका, ओम गुप्ता, गर्वित अग्रवाल, विनय वार्ष्णेय, दिपांशु शर्मा, दीपेश, ध्रुव कुमार, सान्या, समीक्षा, प्रेरणा कठेरिया, दीक्षा, मनीषा शर्मा, सागर शर्मा, शिवम् कुमार, भानु प्रताप, दिव्यांशु द्विवेदी, मुकुल कश्यप, विकास, अनुभव कुमार सुमन, केशव कश्यप, गौतम सैनी, पुष्प कुमार, अम्बिक नागर, कुलदीप सक्सेना, जफरूद्दीन अहमद, डॉ० रामजियावन वर्मा, रूपेश कुमार, साधना कुमारी आदि शामिल हुए।




## मण्डल – चित्रकूट

## जनपद – महोबा




भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के तत्वाधान में दिनांक 22 फरवरी को वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महोबा में चल रहे तीन दिवसीय प्रवेश रोवर/ रेंजर जांच शिविर के समापन अवसर पर एवं स्काउटिंग के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल और उनकी पत्नी लेडी बेडेन पावेल के जन्म दिवस उत्सव को चिंतन दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम संस्था अध्यक्ष आदरणीय विश्वनाथ त्रिपाठी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य लेफ्टिनेंट प्रोफेसर सुनील बाबू जी के सानिध्य में संपन्न हुआ। जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) जयप्रकाश दक्ष द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त गाइड जो प्रजापति रोवर प्रभारी डॉ एसएस राजपूत, रेंजर प्रभारी प्रोफेसर मधुबाला सरोजिनी और पिंकी सेन ट्रेनिंग काउंसलर, डॉ० शैलेश तिवारी जी, डॉ० हेमलता जी एवं प्रवेश जांच शिविर के प्रतिभागी रोवर/ रेंजर्स के साथ चंद्र कुंवर तिवारी पब्लिक स्कूल महोबा के स्काउट्स भी उपस्थित रहे

## जनपद – बाँदा

भारत स्काउट और गाइड उ०प्र० जिला संस्था बाँदा के तत्वाधान में निपुण जाँच शिविर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बांदा मे दिनाँक 30 से 03 फरवरी 2023 की अवधि में संपन्न हुआ | जिसमे पूनम संधू सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) चित्रकूटधाम मंडल, श्री वाणीभूषण द्विवेदी जिला सचिव, श्री बृजेष कुमार सहायक जिला सचिव/आई०टी० समन्वयक श्रीमती स्मिता द्विवेदी जिला संगठन आयुक्त (गाइड) प्रो० दीपाली गुप्ता, प्राचार्या राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बांदा श्रीमती सपना सिंह रेंजर

प्रभारी राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बांदा, श्री कुलदीप श्रीवास सहायक आई०टी० समन्वयक, आदि उपस्थित रहे।





## जनपद – हमीरपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद हमीरपुर के तत्वाधान में दिनांक 22 फरवरी 2023 को स्काउट और गाइड का विश्व चिन्तन भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद हमीरपुर के तत्वाधान में दिनांक 22 फरवरी 2023 को स्काउट और गाइड का विश्व चिन्तन दिवस का जनपद स्तरीय समारोह राजकीय



स्नातकोत्तर महाविद्यालय हमीरपुर मे उत्साहपूर्वक मनाया गया। हमीरपुर के 200 वर्ष समारोह की एक श्रंखला के जनपदीय कार्यक्रम में सम्मिलित करते हुए डॉ० चन्द्रभूषण जिलाधिकारी हमीरपुर ने स्काउट और गाइड के कार्यक्रम को मनाए जाने का निर्देश दिया था। उद्घाटन अपर जिलाधिकारी न्यायिक हमीरपुर द्वारा किया गया । कार्यक्रम में कल्पना जायसवाल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर ने बेसिक शिक्षा के स्कूलों के स्काउट और गाइड की उपस्थित को सराहनीय बताया । कार्यक्रम को संबंधित करते हुए अपर जिलाधिकारी व न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहा कि स्काउट अनुशासन व नेतृत्व क्षमता प्रदान कर बच्चों को योग्य देशभक्त नागरिक बनाता है। कार्यक्रम का संचालन अकबर अली लीडर ट्रेनर स्काउट एवं जिला स्काउट मास्टर बेसिक जनपद हमीरपुर ने किया।

## जनपद – चित्रकूट

उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड जिला संस्था चित्रकूट के गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ीपुलिया चित्रकूट में रोवर रेंजर का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चौधरी व स्काउट गाइड संस्था के जिला सचिव श्री सुरेश प्रसाद सिंह व रोवर प्रभारी डॉ वंश गोपाल रेंजर प्रभारी डॉ सीमा कुमारी जी एवम् स्काउट मास्टर श्री जानकी शरण की उपस्थिति में आयोजित किया गया | जिसमें रोवर रेंजर ने ध्वज शिष्टाचार, कैंप लगाना, पायनियरिंग व गैजेट्स बनाना स्काउटिंग इतिहास की जानकारी प्रदान की गई | एवं सी०बी०एस०ई० के तीन स्कूल संत थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल शिवरामपुर, सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल, श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल रिहुटिया में स्काउट एवं गाइड की यूनिट पंजीकरण किया गया एवं संत थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल शिवरामपुर में स्काउट एवं गाइड का प्रवेश शिविर स्कूल के प्रधानाचार्य श्री पुरुषोत्तम दास मौर्य की उपस्थिति में लगाया गया |





## मण्डल – देवीपाटन

### जनपद – बलरामपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद बलरामपुर के तत्वाधान में दिनांक 22 फरवरी 2023 को स्काउट गाइड के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल और उनकी पत्नी लेडी पावेल के जन्मदिवस को जनपद बलरामपुर के एम०एल०के० पीजी कालेज बलरामपुर व परिषदीय विद्यालय में धूमधाम से चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। जिला मुख्यायुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक गोविन्द राम के निर्देशन में जनपद के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, मिशन शक्ति, सड़क सुरक्षा आदि विषयों पर चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया विजयी प्रतिभागी को जिला स्काउट मास्टर महमूदुल हक एवं जिला संगठन आयुक्त सिराजुल हक द्वारा प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम के आयोजन में विभिन्न विद्यालय के डॉ० पी०एन० पाठक, डॉ० आकांक्षा त्रिपाठी, सलमा खान, अल्पना कुमारी, अतिया इरफाना, दीपक कुमार, अकील, शीरी हसन, अर्चना पांडे आदि ने विशेष भूमिका निभाई



### जनपद – श्रावस्ती

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद श्रावस्ती के तत्वाधान में दिनांक 22 से 24 मार्च 2023 तक जगत जीत इंटर कॉलेज इकौना श्रावस्ती मे तीन दिवसीय प्रथम सोपान जाँच शिविर का आयोजन हुआ | समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि एस०डी०एम० इकौना विशिष्ट अतिथि एस०एच०ओ० इकौना, शिविर संयोजक/प्रधानाचार्य/जिला मुख्यायुक्त भारत स्काउट और गाइड उ.प्र. जनपद-श्रावस्ती डॉ. भूदेश्वर पांडे, जिला आयुक्त स्का./प्रधानाचार्य श्री पवन कुमार सिंह बौद्ध, जिला संगठन आयुक्त स्का. रोहित पांडे जनपद श्रावस्ती उपस्थित रहे |



### जनपद – बहराइच

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद बहराइच के तत्वाधान में दिनांक 22 फरवरी 2023 को स्काउटिंग के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल, एवं लेडी बेडेन पावेल का जन्मदिन चिंतन दिवस के रूप में जिला कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बेडेन पावेल दंपति की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि श्री जय प्रताप सिंह जिला मुख्यायुक्त/जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा माल्यार्पण किया गया एवं मुख्य आतिथि का स्वागत डॉ० राजेश प्रताप सिंह जिला सचिव ने स्कार्फ पहनाकर किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय जंबूरी पाली राजस्थान में प्रतिभाग करने वाले स्काउट्स और गाइड्स को प्रमाण पत्र एवं ज्ञान प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र मुख्यातिथि द्वारा वितरित किया गया। श्री मनोज कुमार पाण्डेय जिला कमिश्नर स्काउट, श्री कल्लन जिला संगठन कमिश्नर स्काउट, सुश्री कायमा इस्लाम जिला संगठन कमिश्नर गाइड, श्री अरविंद वर्मा जिला प्रशिक्षण कमिश्नर स्काउट, डाo धनमेंद्र त्रिपाठी जिला रोवर लीडर, श्री रामू लाल जिला स्काउट मास्टर, श्रीमती बबिता नाग ट्रेनिंग काउंसलर एवं जनपद के विभिन्न स्काउट गाइड उपस्थित रहे।



## मण्डल – झांसी

### जनपद – झाँसी

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद झाँसी के तत्वाधान में दिनांक 4 फरवरी 2023 को झांसी मंडल के जनपद पदाधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की गई | यह कार्यशाला ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल शिवाजी नगर में हुई जिसकी अध्यक्ष संभवत: प्रादेशिक आयुक्त श्रीमती अर्चना गुप्ता द्वार की गई कार्यशाला में वार्षिक गणना के आधार प्रति 2021 एवं 22-23 का बकाया पंजीकरण/नवीनीकरण एवं 10 प्रतिशत अंशदान भेजवाने हेतु एवं बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता पंजीकरण सीबीएसई विद्यालय में स्काउट गाइड दलो का पंजीकरण बी.एड डीएलडी महाविद्यालय में स्काउट गाइड प्रशिक्षण सर्वप्रथम जनपद पुरस्कार योजना चीफ कमिश्नर फेलोशिप सीडी प्रोजेक्ट आजीविका सदसता अभियान एवं बकाया झंडा राशि के विस्तार में चर्चा की गई कार्यक्रम के समाधान के अवसर प्रति मुख्य अतिथि के रूप में यूपी शिक्षा निदेशक झांसी मंडल श्री मंशा राम जी सी स्काउट झांसी मंडल ने सभी प्रतिभाओं को आवश्यकता दिशा निर्देश दिए दोपहर भोजन के पक्ष में राष्ट्रगान के साथ कार्यशाला समाप्त हुई कार्यशाला का संचालन प्रदीप गुप्ता झांसी मंडल द्वारा किया गया |



## मण्डल – गोरखपुर

### जनपद – गोरखपुर

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद गोरखपुर के तत्वधान में गोरखपुर गोलघर काली मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र हेतु सेवा कार्य का आयोजन हुआ जो की नौ दिन तक चला । जिला मुख्यायुक्त डॉ० अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन मे यह कार्य संपन्न हुआ, साथ ही साथ जनपद के जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह, जिला सचिव राजेश चंद्र चौधरी, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती इशरत सिद्दीक़ी, आई०टी० समन्यवक सुन्दरम शुक्ला, आदर्श शर्मा, गौरव मिश्रा आदि ने सहयोग प्रदान किया |



### जनपद – महाराजगंज

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद महराजगंज के तत्वाधान में दिनांक 13 मार्च 2023 को सी०बी०एस०ई० विद्यालयों के शिक्षकों के लिए बिगिनर्स कोर्स का आयोजन किया गया जिसमें कुल 17 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया । शिविर का शुभारंभ ध्वज शिष्टाचार के साथ हुआ । जिला सचिव श्री संजय कुमार मिश्र ने कहा कि आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने विद्यालयों में स्काउटिंग की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करें और बच्चों को स्काउटिंग की विधा से जोड़ कर उन्हे एक सुयोग्य नागरिक बनावें । हेड क्वार्टर आयुक्त ट्रेनिंग श्री हरिश्चंद्र श्रीवास्तव जी लीडर ट्रेनर (स्काउट) ने स्काउटिंग को परिभाषित करते हुए स्काउटिंग के मूलभूत सिद्धांतों को प्रकाशित किया एवं स्काउटिंग की व्यापकता से प्रतिभागियों को अवगत कराया । श्री उमेश कुमार गुप्त ए०एल०टी०(स्काउट ), ने स्काउटिंग का इतिहास और झंडे की जानकारी दी, और जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री रामनारायण खरवार और जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) डी०डी० शर्मा प्रशिक्षण में सहायक लीडर ट्रेनर शशांक कुमार गुप्त जी एवं स्काउट मास्टर रोहन कुमार यादव का भी सहयोग प्राप्त हुआ ।



## जनपद – देवरिया

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद देवरिया के तत्वाधान में दिनांक 9 फरवरी 2023 को बीआरडीपीजी कॉलेज, देवरिया में प्राचार्य डॉ० शरद चंद्र मिश्र के दिशा निर्देश में 5 दिवसीय रोवर/रेंजर निपुण जाँच शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में जे०बी० महाजन डिग्री कॉलेज, चौरी चौरा, गोरखपुर के प्राचार्य प्रोफेसर मधुप कुमार श्रीवास्तव जी उपस्थित रहे । कार्यक्रम में रोवर प्रभारी डॉ० अभिनव सिंह और डॉ० भावना सिन्हा ने बच्चों को रोवर्स रेंजर्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर रजनीश कुमार, डॉ० सुधीर कुमार और डॉ० सानिया त्यागी उपस्थित रहें। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में श्री ओम प्रकाश उपाध्याय (ए०एल०टी०) एवं श्री राजू मौर्य उपस्थित रहे।




## मण्डल – आजमगढ़

## जनपद – आजमगढ़

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद आजमगढ़ के तत्वाधान में दिनांक 22 फरवरी 2023 को स्काउटिंग के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल, एवं उनकी पत्नी लेडी बेडेन पावेल का जन्मदिन चिंतन दिवस के रूप में बाबा राम टहल दास विशाल महाविद्यालय भरथीपुर पल्हना आज़मगढ़ के प्रांगण में मनाया गया । उक्त कार्यक्रम का सुभारम्भ ध्वज शिष्टाचार के साथ किया गया । इसके बाद बेडेन पावेल दंपति की प्रतिमा के ऊपर मुख्य अतिथि रामनवल यादव (विभागाध्यक्ष) के द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया | और इस अवसर पर अजय यादव, सुनीता जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड), और जिला संगठन आयुक्त (गाइड) सोनी उपस्थित रही । कार्यक्रम के समापन के अवसर पर अवधेश यादव जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का संचालन श्री वेद प्रकाश पाठक ने किया |





## जनपद – बलिया




भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था बलिया द्वारा दिनांक 14-01-2023 को आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा श्री मुरली मनोहर टाउन पीजी कॉलेज के सभागार में दिव्यांग जनों को निःशुल्क सहायक उपकरणों के वितरण में भरपूर सहयोग प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय राज्यसभा सांसद श्री नीरज शेखर जी, माननीय लोकसभा सांसद बलिया डॉ० वीरेंद्र सिंह, माननीय लोकसभा सांसद देवरिया श्री रविंद्र कुशवाहा जी, परिवहन राज्यमंत्री माननीय दयाशंकर सिंह जी, राज्यमंत्री माननीय दानिश आजाद अंसारी जी तथा जिला संस्था के पदाधिकारी गण राजेश कुमार सिंह, निर्भय नारायण सिंह, अरविंद कुमार सिंह, आनंद यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे

## मण्डल – आगरा

### जनपद – आगरा

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद आगरा के तत्वाधान में 12 मार्च 2023 से 18 मार्च 2023 तक मुफीद ए आम इंटर कॉलेज पालीवाल पार्क, विजयनगर-आगरा में बेसिक/एडवांस स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन कोर्स लगाया गया | शिविर को बड़ी अनुशासनात्मक तरीके से सम्पूर्ण किया गया जिसमे जिला संस्था व सभी अधिकारियो की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिसमे सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री राकेश कुमार सैनी, जिला मुख्यायुक्त श्री मनोज कुमार, जिला कमिश्नर स्काउट डॉ० अनिल कुमार वशिष्ठ, जिला कमिशनर गाइड डॉ० ममता शर्मा, जिला सचिव रेनू भारद्वाज ,कार्यालय प्रभारी डॉ० शमा गुप्ता इन सभी ने शिविर की सभी व्यवस्थाओ का बहुत ही सुंदर तरीके से इंतजाम किया इस शिविर में जिला संगठन आयुक्त स्काउट महेश कुमार सैनी, संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती भावना सिंह, प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्री लाखन सिंह, राजकुमार शाक्या ने स्टाफ के रूप में कार्य किया व डॉ० दिगविजय पचौरी और स्काउट मास्टर के रूप में अपनी सेवाए दी |




### जनपद – मैनपुरी



भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद मैनपुरी के तत्वधान में 22 फरवरी 2023 को स्काउटिंग के जनक लार्ड रॉबर्ट स्टीफेंसन स्मिथ बेडेन पॉवेल का जन्म दिवस चिंतन दिवस के रूप में स्काउट भवन पर मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला मुख्यायुक्त डॉ० ए०के० सिंह राठौर ने लॉर्ड बेडेन पॉवेल, लेडी बेडेन पॉवेल की फोटो पर माल्यार्पण करके किया। संचालन श्री राम पाल गिरी जी के द्वारा किया गया और आभार जिला संगठन आयुक्त सुनील कुमार सिंह ने किया। श्रीमती कुसुम चौहान ए०एल०टी० के द्वारा बी०पी० और लेडी बी०पी० के विषय में स्काउट और गाइड के बच्चों को अपने विचार प्रकट किए। जिला संगठन आयुक्त गाइड कविता पांडे ने नेशनल यूथ कॉम्प्लेक्स मैं हो रहे थिंकिंग डे के बारे मैं बताया। और श्री राममोहन मिश्र ने बी०पी० के बारे मैं बताया। इस अवसर पर रीना वर्मा, प्रियंका गिरी, श्री रामखिलारी वर्मा, श्री उमेश चंद्र, मोहमद शमीम, श्री सत्यपाल, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# मूल्यपरक शिक्षा में स्काउटिंग का योगदान

किसी भी राष्ट्र की सफलता और उत्थान उसकी सैन्य शक्ति पर ही निर्भर न होकर उसके देश के नागरिको के मानवीय मूल्यों पर निर्भर होती है | इसलिए राष्ट्र के लिए हो या व्यक्ति विशेष के लिय मूल्यपरक शिक्षा प्राणिमात्र के लिए कितनी महत्त्वपूर्ण है | ये हम सभी जानते हें कि मूल्यपरक शिक्षा से ही जीवन सजता और संवरता है, और मानव जीवन को जी पाने में समर्थ होता है | स्काउटिंग शिक्षा जहाँ हमें जीवन जीने की कला सिखाती है,वही हमारा उचित मार्गदर्शन कर आत्मविश्वासी भी बनाती है | वास्तव में शिक्षा के बिना हम सभी समाज की कल्पना भी नहीं कर सकते क्योकि मूल्यपरक शिक्षा ही स्वावलंबी और स्वतंत्र जीवन जीने का आधार है |

आज निजी स्कूलों में अपने बच्चो को शिक्षा दिलाने की होड़ लगी है जहाँ का परिवेश पाश्चात्य सभ्यता से परिपूर्ण हो,साड़ी सुख सुविधाए हो | लेकिन महँगी फीस देने, और सम्पूर्ण सुख के बावजूद बच्चो में मानवीय मूल्यों की झलक देखने को नहीं मिलती | केवल किताबी ज्ञान द्वारा डिग्रियां प्राप्त करना एक मात्र उद्देश्य बन गया है |अभिभावक की इच्छा अनुसार बच्चा सम्बन्धित कोर्स या व्यावसायिक कोर्स करके जीवन में सुख सुविधाएं व् धन अर्जित करने के लिए,अच्छी नौकरी पाने के लालसा में शिक्षा ग्रहण कर रहा है |

वास्तव में क्या यही शिक्षा है ? हम मानवीय मूल्यों के विकास पर बात नहीं करते | एक अच्छे नागरिक बनने के लिय हम प्रयास नहीं करते | बच्चो से यदि हम पूछे कि आप क्यों पद रहो है ? आपके पड़ने का उद्देश्य क्या है ? तो उनका रटा रटाया जवाब होता है – नौकरी पाने के लिए, धन अर्जित करने के लिए | आज के परिवेश को देखते हुए यह बात सही भी है ,लेकिन देश के सभ्य नागरिको को यह भी देखना होगा कि क्या उनके बच्चो में मानवीय मूल्यों का विकास हो रहा है |

इसके लिय हमें स्काउटिंग के प्रति सवेदन शील होना होगा और सभी समाज को इसके प्रति जागरूक करना होगा क्योंकि स्काउटिंग शिक्षा एक एसी आदर्श प्रणाली व् क्रमबद्ध योजना है जो बालको में अच्छी आदतों का निर्माण कर उनमे नेतृत्व छमता, आत्मसंयम ,आत्मविश्वास ,समूह भावना, देशप्रेम और प्रजातांत्रिक मूल्यों का विकास करती है | इसके द्वारा जीविकापार्जन के कौशलो का विकास होता है, वही स्वानुशासन और जीवन जीने की कला का विकास होता है |

हम जानते है कि स्काउटिंग में अधिकांश गतिविधियाँ बालको के सर्वांगीर्ण विकास के लिय संचालित की जाती है | इसकी व्यावहारिक शिगक्षा बालको में आज्ञापालन, कर्तव्यनिष्ठां,देशप्रेम तथा समाज सेवा के लिए अन्बुकूल और पर्याप्त अवसर प्रदान करती है |खेलो और व्यायाम के द्वारा बालको को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाता है | यदि बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य होंग्रे तो ही वे सेवा सहायता के लिय तत्पर होंगे, कठिन परिश्तीथियो का सामना करने के लिय उनका शरीर सक्षम होगा क्योंकि एक स्वस्थ और अनुशासित व्यक्ति ही दुसरो के सम्मुख आदर्श प्रस्तुत कर सकता है |

आज हम सभी शिक्षा में गुणवत्ता की बात करते हैं |यह बार बार किसी नारे की भांति दोहराई जाती है | लेकिन क्या परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करना ही गुणवत्तपूर्ण शिक्षा है ? नहीं ! हमे सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के साथ साथ अपने व्यवहार में, व्यक्तिगत जीवन में मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च स्थान देना होगा |

वास्तव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आशय ईएसआई शिक्षा से होना चाहिय जो बच हहे के जीवन भर कम आए , साथ ही बच्चे की शमताओ के सम्पूर्ण विकास में सामान रूप से उपयोगी हो |शिक्षा ईएसआई हो कि मानव अपने जीवन में कुछ कर सके एक अच्छा नागरिक बनकर समाज और देश के लिय एक मिसाल बन सके | क्योकि रास्त्र निर्माण के प्रति समर्पित एव सुयोग्य नागरिको का निर्माण करने में शिक्ष की अद्वितीय भूमिका रही है |इस तथ्य को देखते हुए संसार के विकसित एव विकासशील देशो में शिक्षा की गुणवत्ता के स्तर में सुधर हेतू निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं |हमारे देश में भी विभिन्न स्तरों की शिक्षा को अर्थपूर्ण ,गुणवत्तापूर्ण तथा जीवनोपयोगी बनाने की दिशा में स्काउटिंग शिक्षा को सम्मलित कर योजनाबद्ध ढंग से प्रयास किय जा रहे है |

शिक्षा मनुष्य को उस समाज के लिए तैयार करती है जिसका निर्माण होना अभीष्ट है |शिक्षा के प्रति जितनी सजगता और रूचि आज जनमानस में है शायद उतनी पहले कभी नहीं रही | आज मानव शिक्षा को भविष्य की द्रष्टि से देख रहा है क्योकि आज शिक्षा मनुष्यों की आर्थिक विकास का मूल बन गयी है |

भारत में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक विकास हो रहा है |सरकारी विद्यालयों में पहले की तुलना मे बच्चो की संख्या में वृद्धि हो रही है | सर्वशिक्षा अभियान,समग्र शिक्षा अभियान, मध्यान्ह भोजन योजना, मिशन प्रेरणा, मिशन कायाकल्प, आदि अभियानों से परिषदीय विद्यालयों का सौन्दर्यकरण एव 6-14 वर्ष के बच्चो के नामांकन में आशातीत वृद्धि हुई है | लेकिन छात्रो की संख्या, उसका नामांकन जिस अनुपात में जबड रहा है उस अनुपात में अभी गुणवत्ता कमे कमी है |इसके लिए हम सभी शिक्षको ,शिक्षाविदो एवं देश के सुसभ्य नागरिको को विचार करना होगा क्योकि मात्रात्मकता व् गुणवत्ता दोनों में संतुलित वृद्धि होनी चाहिए तभी हम सही रूप में मूल्यपरक शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं | और यह तभी संभव होगा जब शिक्षा प्रक्रिया में जुड़े समस्त पक्ष अपनी जवाब देहि का समुचित निर्वहन करें |

शिक्षा की गुणवत्ता के मूल में अधिगम करता होना चाहिय और शिक्षक को हर संभव प्रयास करना चाहिए कि वः अधिगमकर्ता को शैक्षिक उद्देश्यों को सम्प्राप्त करा सके |शिक्षा में गुणवत्ता बनाय रखने हेतु यूनेस्को ने विशेष बल दिया | शिक्षा के अन्तर्गत जे.डेलर्स ने “लर्निंग द ट्रेजर विदिन” रिपोर्ट में शिक्षा के चार स्तंभों को बताया जो शिक्षा में गुणवत्ता को इंगित करते हैं |

1. लर्निंग टू नो ---- ( Learning to know )
2. लर्निंग टू डू ---- ( Learning to do )
3. लर्निंग टू लिव टुगेदर ---- ( Learning to live together)
4. लर्निंग टू बी ---- ( Learning to be )

इन चारो योग्यताओ को अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा आयोग ने विद्यालयों का अभीष्ट कहा जो स्काउटिंग शिक्षा का भी आधार है | हम प्राय: ज्ञानार्जन तथा करके सीखना तक ही सीमित रहते है, जबकि अग्रिम दोनों उद्देश्य वर्तमान युग में और भी महत्तवपूर्ण हैं | क्योकि घर में,परिवार में, समाज में,हम एक दुसरे के साथ कैसा व्यव्हार करें कि पारस्परिक संबंधो में सुद्रढ़ता बढे और मानवीय सद्गुणों का विशद ज्ञान प्राप्त कर सके | भविष्य में यही ज्ञान हमारे व्यक्तित्व के पारिचायक बनें तभी हम सुशिक्षित और सुसभ्य मानव कहलाने के अधिकारी होंगें |

अत: विद्यालयों के संस्थापको, प्रशासको, अद्यापको, स्काउट / गाइड संस्थाओ, स्थानीय समुदायों, अभिभावकों, कर्मचारियों, तथा अध्ययनशील छात्र छात्राओं के समन्वित प्रयास द्वारा स्काउटिंग शिक्षा के अन्तर्गत हम मूल्य परक शिक्षा के अभीष्ट लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं |

जय हिन्द - जय भारत



**अशोक कुमार**
**जिला स्काउट मास्टर, बिजनौर**

## भारत स्काउट गाइड कविता



जब भी विपत्ति आती है, जब भी भूकंप आते हैं।
मानव जीवन को वे, तबाह करके चले जाते हैं।
समर्थ व्यक्ति भी इस क्षण में, मदद नहीं कर पाते हैं।
तब समाजसेवी बनकर, हम ही सामने आते हैं।
इसीलिए तो हम, स्काउट गाइड कहलाते हैं।
जब कोई तोड़े विश्वास, हम विश्वसनीय बन जाते हैं।
जब कोई करता है दगा, हम वफादार बन जाते हैं।
शत्रुता को हम दूर करते, मित्र भाव को बढ़ाते हैं।
इसीलिए तो हम, स्काउट गाइड कहलाते हैं।
विनम्र भाव को अपनाकर, सद्भावना फैलाते हैं।
पशु, पक्षी और प्रकृति से, हमेशा प्रेम जताते हैं।
अनुशासन में रहकर, देश की रक्षा करते हैं।
इसीलिए तो हम, स्काउट गाइड कहलाते हैं।
अपने साहस को जगाकर, हम तैयार रहते हैं।
खुद खर्चा कम करते हैं, दूसरों पे लगाते हैं।
मन वचन और कर्म से, शुद्धता फैलाते हैं।
इसीलिए तो हम स्काउट गाइड कहलाते हैं।



**रोहिल खान (रोवर)**

## सम्पर्क विवरण

# BHARAT SCOUT AND GUIDE, UTTAR PRADESH

State Headquarters : Mahanagar Lucknow

SHQ OFFICER'S DETAILS


| SL | NAME | DESIGNATION | CONTACT NO. | E-MAIL ID |
|---|---|---|---|---|
| | | **Administration Department** | | |
| 1 | Mr. Anand Singh Rawat | STATE SECRECTARY | 9839392275 | anandrawat10@gmail.com |
| 2 | Mrs. Devki Shobhit | JOINT SECRECTARY | 9839230311 | upscoutsguides@yahoo.com |
| | | **Organization Department** | | |
| 1 | Mr. Heera Lal Yadav | STATE ORGANISING COMMISIONER (SCOUT) | 8795602263 | heeralalyadavsoc@gmail.com |
| 2 | Mrs. Kamini Srivastava | STATE ORGANISING COMMISIONER (GUIDE) | 9450388399 | kaminibsg111@gmail.com |
| | | **Training Department** | | |
| 1 | Mr. Arvind Srivastava | STATE TRAINING COMMISIONER (SCOUT) | 9793142447 | arvind.stc.@gmail.com |
| 2 | Mrs. Kusum Manral | STATE TRAINING COMMISIONER (GUIDE) | 9795393085 | kusummanral90@gmail.com |
| | | **I.T. Department** | | |
| 1 | Mr. Adnan Hashmi | ASSIT. STATE ORGANISING COMMISIONER-IT | 9838726066 | bsgup.org@gmail.com |

DIVISIONAL ASOC (SCOUT) DETAILS

| SL | NAME | DIVISION | CONTACT NO. | E-MAIL ID |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Mr. Pradeep Gupta | JHANSI | 9450116555 | gptapradeepasoc@gmail.com |
| 2 | Mr. Rakesh Kumar Gupta | AYODHYA | 9453377322 | rakeshguptascout@gmail.com |
| 3 | Mr. Avnish Kumar Shukla | DEVIPATAN | 9453044518 | avnishshukla4420@gmail.com |
| 4 | Mr. Kamlesh Diwedi | PRAYAGRAJ | 9451200165 | scoutguidemirzapur@gmail.com |
| 5 | Mr. Rakesh Kumar Saini | BASTI | 9450432795 | rakeshkrgkp07@gmail.com |
| 6 | Mr. Naushad Ali Siddique | GORAKHPUR & AZAMGARH | 9794408632 | noushad.juh@gmail.com |
| 7 | Mr. Mayank Sharma | MEERUT | 8954544730 | scoutguide.sambhal@rediffmail.com |
| 8 | Mr. Rajesh Kumar Prajapati | MIRZAPUR | 9336074933 | rajesh.prajapati052@gmail.com |
| 9 | Mr. Shiv Pratap Singh | CHITRAKOOT | 7409457854 | shivprataps116@gmail.com |
| | | **DIVISIONAL ASOC (GUIDE) DETAILS** | | |
| 1 | Ms. Sitara Tyagi | MORADABAD & BAREILI | 9411642007 | sitaratyagiasocg@gmail.com |
| 2 | Ms. Ravinder Kaur Sokhi | VARANASI | 9415690093 | ravinderkaursokhi@gmail.com |
| 3 | Mrs. Poonam Sandhu | LUCKNOW | 9956256523 | poonamsandhu2016@gmail.com |
| 4 | Mrs. Pragya Singh | KANPUR | 8960544728 | singh.pragya986@gmail.com |
| 5 | Ms. Kavita Pandey | SAHARANPUR | 8279439532 | kpandey721993@gmail.com |
| 6 | Mrs. Neha Katiyar | ALIGARH | 9997524381 | neha0940786@gmail.com |
| 7 | Ms. Preeti | AGRA | 7453001995 | preetisagar152@gmail.com |

## OUR WEBSITE www.bsgup.org

This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here.... Please Visit & Share Our Website




**Office E Mail : upscoutsguides@yahoo.com**
**IT Department E Mail : bsgup.org@gmail.com**
**Magazine E Mail : itbsgup@gmail.com**

## विज्ञापन







**PLEASE SUBSCRIBE**
**BSGUP OFFICIAL**
**YOUTUBE CHANNEL**

**Coming Soon**
**WEEKLY**
**BSG ज्ञान Quiz**
**LIVE ON YOUTUBE CHANNEL**

# Glimpses of activates








## OUR SOCIAL ACCOUNTS




**This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here….**

**Please Visit & Share Our Website**


# www.bsgup.org



**Like our FB Page**
facebook.com/bsgup.org



**Tweets @ BSGUP**
twitter.com/bsgup




**Follow our Instagram Page**
instagram.com/bsgup/




**Share & Subscribe our Youtube Channel**
**BSGUP Official**

**BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH**

State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow

Email : upscoutsguides@yahoo.com

For Magazine : itbsgup@gmail.com

To,